आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 310 | उज्जैन, सोमवार 29 सितम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## दुनिया देखेगी सिंहस्थ-2028 का वैभव-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### उज्जैन के प्रमुख मंदिरों का भी किया जाएगा विस्तारीकरण



उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 में भारतीय संस्कृति का वैभव पूरी दुनिया देखेगी। सिंहस्थ 2028 के लिए हाल ही में 2675 करोड़ रुपए की लागत राशि से 33 प्रमुख कार्यों को मंजूरी दी गई है। उज्जैन के प्रमुख मंदिरों का भी विस्तारीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला कार्यालय एक ही छत के नीचे होने चाहिए इसलिए नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन के निर्माण की आज आधारशिला रखी गई है। कलेक्टर कार्यालय का नवीन भवन 7 मंजिला बनेगा। नवरात्रि पर मां हरसिद्धी और भगवान श्रीमहाकाल की कृपा से उज्जैन को लगभग 370 करोड़ लाख लागत के 11 विकास कार्यों की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में नवीन संयुक्त प्रशासनिक भवन के साथ अन्य विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन और दीप प्रज्ज्वल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए शिप्रा नदी पर लगभग 30 किलोमीटर लंबे सुविधायुक्त नवीन घाटों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही पुराने घाटों का उन्नयन कर 5 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान की व्यवस्था की जा रही है। शिप्रा नदी पर ब्रिजों की श्रृंखलाओं का निर्माण किया जा रहा है। बहुत जल्द मेट्रो ट्रेन भी उज्जैन में आएगी। उन्होंने कहा कि कृषकों के लिए भावांतर योजना लागू कर लगभग 35 लाख से अधिक किसानों को लाभ दिया जायेगा। सिंहस्थ के लिए साधु-संतों की मंशानुसार कार्य हो रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सिंहस्थ में क्राउड मैनेजमेंट, मध्यप्रदेश और उज्जैन की कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिप्रा नदी पर 77 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाले 4 नए पुलों से आने वाले दिनों में मोक्षदायिनी शिप्रा मैया पुलों वाली नदी भी कहलाएंगी। यह उज्जैन की काया पलटने वाले विकास कार्य हैं जो सिंहस्थ-2028 को भव्यता प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लगभग 135 करोड़ रुपये की लागत से उज्जैन में बन रहा संयुक्त प्रशासनिक भवन लोक-कल्याण और सुशासन का उदाहरण बनेगा। यह अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं से सुसज्जित होगा।

## आधार कार्ड के बिना गरबा महोत्सव में नहीं मिलेगा प्रवेश, क्यों लिया गया ये फैसला?



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के दूसरे बड़े जिले जोधपुर में गरबा महोत्सव की धूम है इसी बीच भीलवाड़ा की तर्ज पर अब जोधपुर में भी गरबा महोत्सव में शामिल होने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है।

नगर निगम दक्षिण द्वारा आयोजित इस महोत्सव में प्रवेश केवल उन्हीं श्रद्धालुओं को मिलेगा, जो आधार कार्ड दिखाकर पंजीकरण कराएंगे।

डांडिया महोत्सव की तैयारियां तेज-महापौर वनिता सेठ ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर नगर निगम दक्षिण की ओर से 29 और 30 सितंबर को गांधी मैदान में निशुल्क डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं और विधिवत पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है, जिसमें प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य है।

मां दुर्गा की आराधना के साथ गरबा महोत्सव का आयोजन परंपरागत तरीके से किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष तौर पर महिलाओं, कपल्स और बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## जुबीन के परिवार ने की CID जांच की मांग, मैनेजर समेत 2 के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग के परिवार ने सीआईडी के पास शिकायत दर्ज करवाई है। जुबीन के परिजनों ने उनकी मौत की जांच करवाने की मांग की है। जुबीन की पत्नी गरिमा गर्ग, चाचा मनोज बोरठाकुर और पामी बोरठाकुर ने असम सीआईडी के पास अर्जी डाली है।

19 सितंबर को सिंगर जुबीन गर्ग की सिंगापुर में रहस्यमयी तरीके से मौत हो गई थी। जुबीन के परिवार ने उनके मैनेजर सिद्धार्थ सरमा और आयोजनकर्ता स्यामकानु महंत पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

परिवार को किसपर शक- दरअसल जुबीन सिंगापुर में आयोजित नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे। इस इवेंट का आयोजन स्यामकानु महंत ने किया था। वहीं, उनके मैनेजर सिद्धार्थ भी जुबीन के साथ सिंगापुर गए थे। सूत्रों के अनुसार, सिंगापुर में रहने वाले असम समुदाय के लोगों ने जुबीन गर्ग को एक याच पार्टी में भी बुलाया था।जुबीन के परिवार ने उनकी मौत की जांच करने की मांग करते हुए असम आपराधिक जांच विभाग के पास शिकायत दर्ज की है।

## मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई जिलों में रात भर हुई बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया अगले 3 दिन का अलर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई में इस समय बादल मेहरबान हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में दक्षिण मुंबई के कुछ हिस्सों में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई। शनिवार रात से लगातार हुई बारिश ने लोगों का जीवन पूरी तरीके से प्रभावित कर दिया।

दरअसल, लगातार बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलजमाव देखे को मिला, जिसके कारण आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सबसे राहत देने वाली बात ये है कि मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे की लोकल ट्रेनें इस भारी बारिश में भी कुछ देरी के साथ चलती रहीं। वहीं, बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन उपक्रम की बसें बिना किसी डायवर्जन के चल रही थीं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया था। विभाग ने रविवार को भी भारी से अति भारी बारिश की संभावना जताई गई।

नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह 8 बजे जारी हुए आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, आज दिन भर शहर में बादल छाए रहेंगे। वहीं, 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

कहां हुई कितनी बारिश- मौसम विभाग के अनुसार, अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, जुहू में 88 मिमी, बांद्रा में 82.5 मिमी और महालक्ष्मी में 28 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## आतंकी संगठन आइएस से जुड़े मामले में दो लोगों को ठहराया गया दोषी, 40 लोगों ने दी गवाही




नई दिल्ली (एजेंसी)। एनआइए की अदालत ने कोयंबटूर के दो लोगों को आतंकी संगठन आइएस की विचारधारा के प्रचार करने का दोषी पाया। एनआइए मामलों की सुनवाई के लिए कोच्चि स्थित विशेष अदालत ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में उक्कदम स्थित अंबू नगर निवासी मुहम्मद अजहरुद्दीन और दक्षिण उक्कदम निवासी शेख हिदायतुल्ला उर्फ फिरोज खान को दोषी ठहराया।

सजा पर सुनवाई के दौरान दोनों आरोपितों ने अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि का हवाला देते हुए अदालत से नरम रुख अपनाने का अनुरोध किया। मुकदमे के दौरान अदालत ने 40 गवाहों से पूछताछ की। अजहरुद्दीन कोयंबटूर में हुए विस्फोट से संबंधित एक अन्य मामले में भी आरोपित है।

हालांकि, प्राथमिकी में छह लोगों को आरोपित बनाया गया था, लेकिन एनआइए ने 2019 में केवल दो आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।

यह मामला 2019 में तब दर्ज किया गया था, जब एनआइए को सूचना मिली थी कि अजहरुद्दीन और उसके सहयोगी आतंकी संगठन आइएस की विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं। इसका उद्देश्य दक्षिण भारत खासकर केरल और तमिलनाडु में आतंकी हमले करने के लिए युवाओं की भर्ती करना था।

## महाराष्ट्र में जन्म प्रमाण पत्र के 97 प्रतिशत लाभार्थी अवैध बांग्लादेशी, किरीट सोमैया ने लगाए फर्जीवाड़े आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने कहा है कि महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। दावा किया कि नए संशोधित कानूनों के दुरुपयोग से हजारों अवैध विदेशी नागरिकों खासकर बांग्लादेशी मुसलमानों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड हासिल करने का मौका मिला है।

उन्होंने कहा कि 2024 में भारत सरकार ने कानून में संशोधन किया और न्यायिक मजिस्ट्रेटों के पास पहले से मौजूद शक्तियों को तहसीलदारों को हस्तांतरित कर दिया। इसके बाद एक राष्ट्रव्यापी घोटाला शुरू हुआ।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर 1.29 करोड़ के सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार, घुसपैठ की घटना ने बढ़ाई चिंता



नई दिल्ली (एजेंसी)। बीएसएफ ने शुक्रवार को बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर 20 सोने के बिस्कुटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

सोने को बांग्लादेश से तस्करी कर लाया गया था। जब्त सोने का वजन 1116.27 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.29 करोड़ है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआइजी व प्रवक्ता एनके पांडे ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर 143वीं वाहिनी की सीमा चौकी तराली-1 के जवानों ने कार्रवाई कर हाकिमपुर चेकपोस्ट से सोने की खेप के साथ तस्कर को दबोचा।

प्राथमिक पूछताछ में तस्कर ने सोना सीमा पार से लाए जाने की बात कबूल की। पिछले साल दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के क्षेत्र से रिकार्ड करीब 150 किलोग्राम सोना जब्त हुआ था। इस साल जनवरी से अब तक करीब 35 किलो सोने की ही जब्ती हुई है।

बंगाल में 24 घंटे के दौरान तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तारजासं. मेखलीगंज = बंगाल के कूचबिहार जिले से पिछले 24 घंटे के दौरान तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार किए गए हैं। दुर्गा पूजा के दौरान भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी सुरक्षा के बाद भी घुसपैठ की घटना ने पुलिस तथा प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार रात मेखलीगंज महकमा के हल्दीबाड़ी ब्लाक के झाड़ सिंहासन क्षेत्र से दो बांग्लादेशियों को बीएसएफ ने पकड़ा और हल्दीबाड़ी पुलिस को सौंप दिया। इसी महकमा के कूचलीबाड़ी सीमा से एक अन्य बांग्लादेशी घुसपैठिए को पकड़ा गया।

कूचलीबाड़ी सीमा से पकड़े गए बांग्लादेशी अब्दुल जाफर ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह 25 साल पहले भारत आया और दिल्ली में रह रहा था। उसे तब पकड़ा गया जब वह बांग्लादेश प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। हल्दीबाड़ी से पकड़े गए बांग्लादेशी जीवन राय और कालीपद राय ने बताया कि वह दुर्गापूजा देखने के लिए भारत आया था।

# मुझे आईलैंड पर ले जाना चाहता था, लेकिन, एपस्टीन फाइल्स पर एलन मस्क ने तोड़ी चुप्पी



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका का सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल एपस्टीन फाइल्स एक बार फिर चर्चा में है। इस स्कैंडल में एलन मस्क का नाम भी सामने आ रहा है। हालांकि, एलन मस्क ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

बीते दिन खबर सामने आई कि एलन मस्क भी जेफ्री एपस्टीन के आईलैंड पर गए थे। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर बहस छिड़ गई थी। मगर, अब एलन मस्क ने इसपर सफाई पेश की है।

मस्क ने क्या कहा- एलन मस्क का कहना है कि जेफ्री एपस्टीन ने उन्हें अपने आईलैंड पर आने का निमंत्रण दिया था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया था।

एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- एपस्टीन मुझे अपने आईलैंड पर ले जाना चाहता था, लेकिन मैंने मना कर दिया था।

क्या है पूरा मामला- दरअसल डैमोक्रेटिक सांसद ने शनिवार को एक 6 पन्नों का दस्तावेज पेश किया है, जिसमें दावा किया गया है कि 6 दिसंबर 2014 को एपस्टीन आईलैंड पर जाने वाले शेड्यूल में एलन मस्क का भी नाम शामिल था। हालांकि, एलन मस्क आईलैंड पर गए थे या नहीं? दस्तावेजों में यह साफ नहीं है।

दस्तावेज के अनुसार, 16 फरवरी 2019 डोनल्ड ट्रंप के करीबी स्टीव बैनन का नाश्ता भी एपस्टीन आईलैंड पर शेड्यूल किया गया था और 5 दिसंबर 2014 को बिल गेट्स का नाम भी ब्रेकफास्ट की लिस्ट में शामिल है।

एपस्टीन फाइल्स को रिलीज करने की मांग- डैमोक्रेट सांसद ने अमेरिकी न्यायिक विभाग से एपस्टीन फाइल्स के सभी दस्तावेजों को रिलीज करने की मांग की है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन ने इस मांग को मानने से इनकार कर दिया है। ट्रंप टीम का कहना है कि एपस्टीन फाइल्स में कोई क्लाइंट लिस्ट नहीं है।

मस्क ने ट्रंप पर लगाए थे आरोप- एलन मस्क कई बार एपस्टीन फाइल्स को लेकर डोनल्ड ट्रंप को घेरते नजर आए हैं। ट्रंप ने 2003 में जेफ्री एपस्टीन को जन्मदिन की मुबारकबाद भी दी थी, जिसे अब ट्रंप ने डिलीट कर दिया है। मस्क का दावा है कि एपस्टीन फाइल्स में ट्रंप का भी नाम मौजूद है और यही वजह है कि ट्रंप इसे बाहर नहीं आने दे रहे हैं।

# ट्रंप से मिलने लकड़ी के बक्से में क्या लेकर पहुंचे थे शहबाज शरीफ और असीम मुनीर? खुल गया राज



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से पाकस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की व्हाइट हाउस में मुलाकात की तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में मुनीर एक लकड़ी के खुले बक्से में रखे दुर्लभ खनिज दिखा रहे हैं और ट्रंप ध्यान से देख रहे हैं। पास खड़े शरीफ मुस्कुराते नजर आ रहे हैं।

शहबाज शरीफ 6 साल बाद व्हाइट हाउस जाने वाले पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बने हैं। बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी शामिल थे। यह मुलाकात करीब डेढ़ घंटे चली।

शरीफ ने ट्रंप को बताया शांति दूत- शहबाज शरीफ ने ट्रंप को शांति का दूत बताते हुए वैश्विक संघर्षों को खत्म करने की उनकी कोशिशों की सराहना की। उन्होंने जुलाई में अमेरिका और पाकिस्तान के बीच हुए टैरिफ समझौते के लिए भी धन्यवाद दिया। इस समझौते के तहत अमेरिकी बाजार में पाकिस्तानी आयात पर 19% शुल्क लगेगा और इसके बदले अमेरिका पाकिस्तान के तेल भंडार के विकास में मदद करेगा।शरीफ ने भरोसा जताया कि ट्रंप के नेतृत्व में पाकिस्तान-अमेरिका साझेदारी और मजबूत होगी। उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को पाकिस्तान के कृषि, आईटी, खनन और ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

हाल ही में पाकिस्तान की फ्रंटियर वर्क्स ऑर्गनाइजेशन ने अमेरिकी कंपनी US Strategic Metals के साथ समझौता किया है। इसके तहत पाकिस्तान में एक पॉली-मेटलिक रिफाइनरी बनाने की योजना है। यह कंपनी अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिजों के उत्पादन और रीसाइक्लिंग पर काम करती है।

इसके अलावा पाकिस्तान की नेशनल लॉजिस्टिक्स कॉर्प ने पुर्तगाल की निर्माण कंपनी Mota-Engil ग्रुप से भी करार किया है।

# भारत-रूस के रिश्ते पर अमेरिकी टैरिफ का असर नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। इस साल के अंत में रूस के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर आ सकते हैं। दोनों देशों के बीच रूसी राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्लानिंग जारी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की 80वीं सत्र के दौरान रूस के विदेश मंत्री ने भी इस बात की पुष्टि की है।

दरअसल, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यूएनजीए के 80वें सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिसंबर में व्लोदिमीर पुतिन भारत की यात्रा करेंगे। दिल्ली के साथ इस यात्रा के संबंध में बात चल रही है।

वहीं, इस सत्र को संबोधित करते हुए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत और रूस के संबंधों पर भी बात की। इस दौरान उन्होंने कगा कि इस साल दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की नई दिल्ली की योजना बनाई जा रही है। हमारे पास एक बहुत ही व्यापक द्विपक्षी एजेंडा, जिसमें व्यापार, सैन्य, तकनीकी सहयोग, एआई, वित्त, मनवीय मामले, स्वास्थ्य सेवा शामिल है।

उन्होंने इस सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस साल मेरे सहयोगी, जिनसे मैंने कल बात की थी। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस का दौरा करेंगे। वहीं, मैं भारत का दौरा करूंगा।

# रूस का कीव और अन्य क्षेत्रों पर ड्रोन और मिसाइल हमले, पूरे यूक्रेन में रेड अलर्ट; पोलैंड में एयर स्पेस बंद



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस ने रविवार तड़के कीव और यूक्रेन के अन्य हिस्सों पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिनमें कम से कम चार लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए। यह फुल स्कैल वार के शुरू होने के बाद से राजधानी पर सबसे बड़े हमलों में से एक था।

उधर, पोलैंड ने दो दक्षिण-पूर्वी शहरों के पास अपना एयर स्पेस बंद कर दिया और उसकी वायु सेना ने खतरा टलने तक जवाबी कार्रवाई में जेट विमान भेजे।

यूक्रेन की सेना ने कहा कि रूस ने रात भर में 595 ड्रोन और 48 मिसाइलें दागीं और उसकी एयर डिफेंस सिस्टम ने 568 ड्रोन और 43 मिसाइलों को मार गिराया। इसने बताया कि हमले का मुख्य लक्ष्य राजधानी कीव थी।

राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि 12 घंटे से ज्यादा समय तक चले इस हमले में एक कार्डियोलॉजी क्लिनिक, कारखाने और आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसने यूक्रेन पर लंबी दूरी के हवाई और समुद्री हथियारों और ड्रोन का इस्तेमाल करके हवाई अड्डों सहित सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर एक बड़े पैमाने पर हमला किया है।

# जयशंकर की चाल में फंस गया पाकिस्तान, रिएक्शन में खुद को ही बता दिया आतंक का अड्डा

नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त महासभा की 80वें सत्र की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत का पक्ष रखा। संयुक्त राष्ट्र के इस सत्र को संबोधित करते हुए एस जयशंकर ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भारत का रुख दुनिया के सामने रखा।

इस दौरान एस जयशंकर ने आतंकवाद पोषित करने में पाकिस्तान की भूमिका, पहलगाम हमला और टेरर फंडिंग को लेकर पड़ोसी देश की जमकर आलोचना की। हालांकि, इस दौरान जयशंकर ने किसी देश का नाम नहीं लिया और कहा कि कुछ देश ऐसे भी हैं, जिनके लिए आतंकवाद स्टेट पॉलिसी बन चुका है।

जयशंकर के बयान से पाकिस्तान को लगी मिर्ची

विदेश मंत्री ने जैसे ही इशारों ही इशारों में पाकिस्तान की पोल खोलनी शुरू की, वैसे ही पड़ोसी मुल्क बौखला गया। अपने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने भारत पर पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर बदनाम करने का आरोप लगा दिया। हालांकि, सबसे हैरान करने वाली बात रही कि जयशंकर ने किसी भी देश के नाम का जिक्र नहीं किया था। बावजूद इसके पाकिस्तान उस बयान को अपने लिए समझा। अपने संबोधन के दौरान पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने दावा किया कि भारत के आरोप झूठ दोहराने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। पाकिस्तानी प्रतिनिधि के इस जवाब पर एस जयशंकर ने अपनी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का वक्तव्य बताता है कि एक पड़ोसी देश, जिसका नाम तक नहीं लिया गया था, बावजूद इसके जवाब देने और सीमा पार आतंकवाद को लेकर अपनी लंबी समय से चली आ रही गतिविधि को स्वीकार करने का ऑप्शन चुना।

पाकिस्तान में पल रहा आतंकवाद दुनिया के लिए खतरा- संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में सेकेंड सेक्रेटरी रेन्ताला श्रीनिवास ने कहा कि पाकिस्तान अपनी प्रतिष्ठा अपने आप में काफी कुछ बयां करती है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि आतंकवाद में उसकी छिपाई कई भौगोलिक क्षेत्रों में साफ दिखाई देती है। यह न सिर्फ अपने पड़ोसियों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक खतरा है। भारत के जवाब देने के अधिकार का उपयोग करते हुए श्रीनिवास ने कहा कि कोई भी तर्क या झूठ कभी भी आतंकवादियों के अपराधों को छुपा नहीं सकता।

# भारत-अमेरिका के रिश्ते होंगे मजबूत, UNGA में जयशंकर ने अपने बयान से किया साफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि बदलत हालात के बीच दुनिया को आने वाले समय में ग्लोबल वर्कफोर्स की जरूरत होगी और नए व्यापारिक समझौते सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपनी राह बना ही लेगा। वे शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के मौके पर आयोजित ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के एक पैनल में बोल रहे थे। जयशंकर ने कहा, दुनिया को वैश्विक वर्कफोर्स चाहिए होगा और व्यापार अनिश्चितताओं के बावजूद जारी रहेगा।

हम नए व्यापार समझौते, तकनीक, कनेक्टिविटी और कार्यस्थल मॉडल देखेंगे जिससे आने वाले समय में वैश्विक परिदृश्य काफी बदल जाएगा।

भारत का लक्ष्य- जयशंकर ने कहा कि भारत पहले से ही लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के साथ जुड़ रहा है और अब इन क्षेत्रों में व्यापार और साझेदारी और आगे बढ़ाने लक्ष्य है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मौजूदा उथल-पुथल वाले वैश्विक माहौल में खासकर बड़े देशों के लिए आत्मनिर्भर बनने की क्षमता विकसित करना बेहद जरूरी है।

# अमेरिका के रेस्टोरेंट में गोलीबारी, सनकी हमलावर ने ले ली 3 की जान; कई घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका से एक हैरान करने देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर उत्तरी कैरोलिना में एक शूटर ने एक रेस्टोरेंट पर नाव से गोलीबारी कर दी। इस हादसे में कम से कम तीन लोगों की जान गई है। वहीं, कई अन्य घायल हुए हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गया।

एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी शनिवार (स्थानीय समय) रात लगभग 9:30 बजे अमेरिकन फिश कंपनी में हुई। यह स्थान विलमिंगटन से लगभग 20 मील दक्षिण में साउथपोर्ट यॉट बेसिन क्षेत्र में 150 यॉट बेसिन ड्राइव पर स्थित एक लोकप्रिय पब और रेस्टोरेंट है

इस घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि हमले के दौरान कम से कम सात लोगों को गोली लगी, जिनमें से तीन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना में घायल अन्य लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, अधिकारियों इस घटना को लेकर अभी तक कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

इस घटना में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर प्रबंधक नोआ साल्डो ने पुष्टि की कि एक नाव रेस्टोरेंट के पास आकर रुकी और भीड़ पर गोलीबारी शुरू कर दी, फिर तेज़ी से भाग गई। अधिकारियों ने कहा कि कई लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। आपातकालीन दल के काम जारी रहने पर संख्याएं बदल सकती हैं।

# तमिलनाडु भगदड़ को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई, एक्टर विजय की रैलियों पर रोक की मांग



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु भगदड़ के मुद्दे पर आज मद्रास हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। भगदड़ में घायल एक पीड़ित ने याचिका दायर कर घटना की जांच होने तक टीवीके प्रमुख विजय की रैलियों पर रोक लगाने की मांग की है।

याचिका में पीड़ित ने कहा, भगदड़ को दौरान उन्हें चोट आई हैं और यह घटना मात्र दुर्घटना नहीं हैं बल्कि लापरवाही, घोर कुप्रंधन और सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति पूरी तरह उपेक्षा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। करूर में विजय की रैली में हुई भगदड़ के दौरान 40 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 लोग घायल हो गए हैं।

टीवीके की रैलियों पर रोक की मांग- सेंथिलकन्नन ने कोर्ट से तमिलनाडु पुलिस को टीवीके की किसी भी रैली को इजाजत देने से रोकने की अपील की है और तर्क दिया है कि जब सार्वजनिक सुरक्षा दांव पर हो तो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार को एकत्रित होने के अधिकार पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

पीड़ित ने याचिका में घटना के संबंध में करूर टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज ऋद्धक्र का भी हवाला दिया है। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें गैर-इरादतन हत्या का मामला भी शामिल है। याचिका में इस बात पर जोर दिया गया है कि दोबारा अनुमति देने से पहले जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

शनिवार को टीवीके प्रमुख विजय की करूर के वेलुस्वामीपुरम में हुई रैली में भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 40 लोगों की मौत हो गई, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी जी वेंकटरमन के स्वीकार किया है कि अप्रत्याशित रूप से भारी भीड़ के बावजूद, रैली स्थल पर 500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

## चुनरी यात्रा में चाकू लेकर पहुंचे दूसरे समुदाय के लोग, कई घायल; 2 गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में बीती रात चुनरी यात्रा निकाली गई, जिसमें अचानक हिंसा भड़क गई। यात्रा के दौरान कुछ बच्चों की दूसरे समुदाय के बच्चों से कहासुनी हो गई। झगड़ा इतना बढ़ा की बात मारपीट तक पहुंच गई। इस घटना में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह मामला भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र का है। कैंप 2 इलाके में चुनरी यात्रा निकल रही थी और कुछ बच्चे प्रसाद बांट रहे थे। तभी उनका सामना दूसरे समुदाय के लोगों से हुआ और उन्होंने हिंसा भड़काने की कोशिश की। यही नहीं दूसरे समुदाय के लोग चाकू लेकर मौके पर पहुंचे और चुनरी यात्रा में शामिल लोगों पर हमला कर दिया।

क्या है पूरा मामला- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब बच्चों में विवाद बढ़ा तो बड़े बीच-बचाव करने पहुंच गए। दूसरे समुदाय के 2 युवक चाकू लेकर मौके पर पहुंचे और कई लोगों पर हमला कर दिया। इस घटना में 4-5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। वहीं, हमला करने वाले दोनों युवकों को भी चोटें आईं हैं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है।

## अवैध घुसपैठियों पर सख्त असम सरकार, पुलिस ने 24 बांग्लादेशियों को किया डिपोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि कछार जिले में पुलिस ने 24 बांग्लादेशियों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया है और उन्हें पड़ोसी देश वापस भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि असम घुसपैठियों की पहचान करना और उन्हें वापस भेजना जारी रखेगा।

मुख्यमंत्री सरमा ने शनिवार रात एक एक्स पोस्ट में कहा, असम हमेशा उन खोए हुए यात्रियों की सेवा में है जो हमारे राज्य को अपने देश के रूप में समझ लेते हैं और हम उन्हें तुरंत उनके मातृभूमि बांग्लादेश वापस भेज देंगे। उन्होंने एक हिंदी गीत की पंक्तियों को बदलते हुए लिखा, घर लौट जा परदेसी, तेरा देश तुझे पुकारे।

घुसपैठिया- मुक्त असम के प्रति प्रतिबद्ध- सीएम हिमंता- उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार एक घुसपैठिया-मुक्त असम के प्रति प्रतिबद्ध है और प्रत्येक सप्ताह कम से कम 35-40 लोगों को वापस भेजा जा रहा है।

हाल के महीनों में लगभग 500 कथित अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को असम से पड़ोसी देश वापस भेजा गया है।

बीएसएफ ने भी पिछले वर्ष पड़ोसी देश में शुरू हुए उपद्रव के बाद से पूर्वोत्तर में 1,88-किमी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

# कांकेर में सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी, महिला समेत 14 लाख के इनामी 3 नक्सली ढेर



नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। रविवार को छिंदखड़क जंगल में सुरक्षाबलों ने 3 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मारे गए नक्सलियों पर 14 लाख रुपये का इनाम था। कांकेर-गरियाबंद डीआरजी और बीएसएफ ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया था। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच काफी देर तक मुठभेड़ चली। मुठभेड़ के बाद जंगल में 1 महिला समेत 2 नक्सलियों के शव बरामद किए गए।

कई हथियार बरामद- पुलिस को घटनास्थल से एसएलआर राइफल, पॉइंट 303 राइफल और 12 बंदूके बरामद की गई। इसके अलावा सुरक्षाबलों को नक्सलियों से जुड़ी कई अन्य चीजें भी मिली हैं। मारे गए नक्सलियों पर लाखों रुपये का इनाम था।

नक्सलियों पर थे लाखों के इनाम- मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान हो चुकी है। इनमें 8 लाख रुपये का इनामी नक्सली सरवन मड़काम, 5 लाख रुपये का इनामी नक्सली राजेश उर्फ राकेश हेमला और 1 लाख रुपये की इनामी नक्सली बसंती कुंजाम का नाम शामिल है।

पुलिस के अनुसार, सरवन सीतानदी/रावस समन्वय एरिया कमेटी का सचिव था। राजेश नगरी एरिया कमेटी/गोबरा एलओएस कमांडर और बसंती मैनपुर-नुआपाड़ा की प्रोटेक्शन टीम सदस्य थी।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी के अनुसार, माओवाद अब अंतिम सांसें ले रहा है। इसलिए बेहतर होगा कि नक्सली हिंसा छोड़कर पुनर्वास नीति अपना लें।

# मुझे पैसा नहीं, मेरी बहन वापस लौटा दो... तमिलनाडु भगदड़ में मृत बृंदा के परिवार को रो-रोकर बुरा हाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के करूर में अभिनेता विजय की रैली में हुई भगदड़ में महिलाओं और बच्चों सहित 40 लोगों की मौत हो गई है, वहीं करीब 100 लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।

मृतकों में एक बृंदा भी शामिल थीं जो अपने दो साल के बच्चे को अपनी बहन के पास छोड़कर सुपरस्टार विजय की रैली में गई थी। अपने पसंदीदा एक्टर की एक झलक पाने के लिए बृंदा रैली में पहुंची लेकिन दुर्भाग्य से करूण रैली में भगदड़ मचल गई और उनकी मौत हो गई।

भगदड़ में हुई बृंदा की मौत- एनडीटीवी के अनुसार, बृंदा की बहन ने बताया कि मेरी बहन अपने बच्चे को मेरे पास छोड़ कर रैली में शामिल होने के लिए गई। हमने शाम को 4 बजे के आसपास उसे फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। हमने कई बार कोशिश की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला और 10 बजे के बाद उसका फोन बंद हो गया। आज सुबह जब उसके पति ने आयोजकों को उसकी तस्वीर भेजी तो हमें पता चला कि उसकी मौत हो गई है।

मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख की आर्थिक मदद- अभिनेता विजय ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के प्रति अपनी संवेदना जताई और कहा कि मुझे इस घटना से बहुत दुख पहुंचा है। उन्होंने भगदड़ में मारे गए लोगों को परिजनों को 20 लाख रुपए और घायलों को 2 लाख रुपए सहायता राशि देने की घोषणा की है।

मुझे पैसे नहीं, अपनी बहन की जिंदगी वापस चाहिए- बृंदा की बहन- बृंदा की बहन ने कहा हमें पैसा नहीं, हमें हमारी बहन वापस दे दो। अगर ऐसी सार्वजनिक रैलियों को लिए उचित व्यवस्था नहीं की जाती है तो ऐसी घोषणा का कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगर आप कोई आयोजन करते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि वहां जगह हो, लोगों के लिए खाने और पानी की व्यवस्था हो। सिर्फ मुआवजे की घोषणा से कुछ समाधान नहीं निकलेगा।

# बिहार समेत 8 उपचुनावों की तैयारी शुरू, 320 IAS और 60 IPS समेत 470 केंद्रीय पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति




नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आ रही हैं। इसी बीच चुनाव आयोग ने बिहार में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति शुरू कर दी है। बिहार के अलावा देश में 8 सीटों पर उपचुनाव भी होंगे। ऐसे में निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए आयोग अभी से तैयारी में जुट गया है।

चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में 470 अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस लिस्ट में 320 IAS अधिकारी, 60 IPS अधिकारी और 90 IRS, IRAS समेत ICAS अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

कहां-कहां होंगे चुनाव- यह सभी अधिकारी बिहार विधानसभा चुनाव के अलावा जम्मू कश्मीर की बडगाम और नगरोटा सीट, राजस्थान की अंटा सीट, झारखंड की घाटसिला सीट, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरन तारन, मिजोरम की डंपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीटों पर होने वाले उपचुनावों का दारोमदार संभालेंगे।

चुनाव आयोग ने क्या कहा- चुनाव आयोग के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधि अनिधियम 1951 की धारा 20बी के तहत केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसकी जानकारी देते हुए चुनाव आयोग ने कहा- नियुक्ति से लेकर चुनाव खत्म हो जाने तक यह सभी पर्यवेक्षक चुनाव आयोग के नियमों के तहत काम करेंगे। चुनाव तक यह पर्यवेक्षक आयोग की आंख और कान होंगे, जो जरूरत के अनुसार तय समय पर सीधा आयोग को रिपोर्ट करेंगे।

बता दें कि केंद्रीय पर्यवेक्षक न सिर्फ निष्पक्ष मतदान करवाने में चुनाव आयोग की मदद करेंगे, बल्कि यह लोगों में जागरुकता बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोट डालने के लिए भी प्रेरित करेंगे। केंद्रीय पर्यवेक्षक चुनावी प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए भी अपने सुझाव पेश कर सकते हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
जागयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल अष्टमी

## संपादकीय

# मानवीय जीवनशैली का सबसे गंभीर प्रभाव मानव हृदय पर पड़ा है...



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ तेजी से बदल रही है जिसके कारण बदलती मानवीय जीवनशैली का सबसे गंभीर प्रभाव मानव हृदय पर पड़ा है। आज हृदय रोग केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि यह युवाओं में भी बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। वैश्विक स्तर पर हर साल लाखों लोग दिल से जुड़ी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं।पिछले दो-तीन वर्षों से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ते हुए देखे गए हैं ।पचास वर्ष से कम उम्र के 50 फ़ीसदी और 40 वर्ष से कम उम्र के 25 फीसदी लोगों में हार्ट अटैक का जोखिम देखा गया है कुछ वर्षों पूर्व पुरुषों की तुलना में महिलाओं में हार्ट अटैक के मामले कम थे।एक नए शोध में यह हृदय रोग अब बराबर देखे गए।हृदय रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि कुछ वर्षों पूर्व वृद्धावस्था में होने वाली इस बीमारी ने युवकों को भी शिकार बना लिया है।वर्तमान में हार्ट अटैक युवाओं में होने के अनेकों -अनेक कारणों का समावेश होता रहा है!इसमें आधुनिक खान- पान और जीवन शैली महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनियाँ के कुल हृदय रोगियों में से 60 प्रतिशत मरीज अकेले भारत में ही होने की संभावना व्यक्ति की गई है।इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है।वर्ष 2025 का विषय है एक धड़कन न चूकें यह संदेश केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सामूहिक चेतावनी है कि यदि अब भी लोग, समाज और सरकारें सक्रिय नहीं हुए तो हृदय रोग एक वैश्विक महामारी का रूप ले लेगा। चूँकिहार्ट अटैक समस्या क़ा संभावित समाधान- जीवनशैली में सख़्त आचार संहिता अपनाकर असामाइक मौतों को रोकने में सहभागी बनें इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,विश्व हृदय दिवस 2025- हृदय स्वास्थ्य एक वैश्विक समस्या- सावधानी बरतें जीवन बचाएं-एक धड़कन न चूकें

साथियों बात अगर हम हार्ट अटैक क्या है और कैसे होता है? इसको समझने की करें तो, हार्टअटैक, इसे चिकित्सकीय भाषा में मायोकार्डियलइंफार्क्शन कहा जाता है, तब होता है जब हृदय की मांसपेशियों तक रक्त का प्रवाह अचानक बाधित हो जाता है। यह स्थिति प्रायः तब उत्पन्न होती है जब कोरोनरी आर्टरी (हृदय की रक्तवाहिका) में प्लाक (कोलेस्ट्रॉल, वसा और अन्य तत्वों का जमाव) जमा होकर ब्लॉकेज पैदा कर देता है। इस ब्लॉकेज से हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती और परिणामस्वरूप हृदय की कोशिकाएं मरने लगती हैं। यदि समय पर इलाज न मिले तो यह व्यक्ति की जान भी ले सकता है।इसके लक्षण कई बार अचानक और गंभीर हो सकते हैं जैसे- सीने में तेज दर्द या दबाव, पसीना आना, सांस फूलना, जबड़े या बांह में दर्द, मतली या बेहोशी। वहीं, कुछ मामलों में हल्के संकेत भी मिलते हैं जिन्हें लोग सामान्य थकान या गैस समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, और यही लापरवाही जीवन के लिए घातक सिद्ध होती है।

साथियों बात अगर हम जीवनशैली और हार्ट अटैक का संबंध को समझने की करें तो,आधुनिक युग की भागदौड़ भरी जीवनशैली हृदय के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अधिकतर मामलों में पाया गया है कि हृदय रोग सीधे-सीधे व्यक्ति की आदतों और दिनचर्या से जुड़े होते हैं।(1)अस्वास्थ्यकर आहार- जंक फूड, तैलीय और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, उच्च नमक और चीनी का सेवन हृदय पर भार डालते हैं।(2) शारीरिक निष्क्रियता- लंबे समय तक बैठे रहने और व्यायाम न करने से मोटापा, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर बढ़ते हैं।(3)धूम्रपान व शराब का सेवन-तंबाकू और अल्कोहल हृदय की धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं।

# विश्व हृदय दिवस




विश्व हृदय दिवस प्रत्येक वर्ष 29 सितम्बर को मनाया जाता है। अव्यवस्थित जीवन शैली और असंतुलित खानपान के चलते दुनिया भर में हृदय रोग के पीड़ितों की संख्या तेज़ीसे बढ़ी है। भागती-दौड़ती जिंदगी में लोगों को अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का मौका नहीं मिलता, जिसका उन्हें भारी खामियाजा चुकाना पड़ता है। हृदय रोग विशेषज्ञों के अनुसार दिल की बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है, इसके लिए कोई निर्धारित उम्र नहीं होती। महिलाओं में हृदय रोग की संभावनाएं ज्यादा होती हैं, बावजूद इसके वे इस बीमारी के जोखिमों को नजरअंदाज़कर देती हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में एक दिल ही है, जिस पर सबसे अधिक बोझ पड़ता है। तनाव, थकान, प्रदूषण आदि कई वजहों से रक्त का आदान-प्रदान करने वाले इस अति महत्वपूर्ण अंग को अपना काम करने में मुश्किल होती है, इसीलिए विश्व हृदय दिवस लोगों में यह भावना जागृत करता है कि वे हृदय की बीमारियों के प्रति सचेत रहें।

### शुरुआत

दुनिया भर में हर साल होने वाली 29 प्रतिशत मौतों की एक प्रमुख वजह हृदय की बीमारियां और हृदयाघात हैं। हृदय की बीमारियों और दिल के दौरे से हर साल 1.71 करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। आम लोगों को इन बीमारियों व दिल के स्वास्थ्य का ख़ास ख्याल रखने के प्रति जागरुक करने के मकसद से वर्ष 2000 में विश्व हृदय दिवस मनाने की शुरुआत की गई। अब तक सितम्बर के अंतिम रविवार को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता रहा था, लेकिन 2014 से इसे 29 सितम्बर के दिन ही मनाया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की भागीदारी से स्वयंसेवी संगठन वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन हर साल विश्व हृदय दिवस मनाता है। बढ़ते हृदय रोगों की संख्या और पीड़ितों की वजह से ही संयुक्त राष्ट्र ने साल 2000 से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। साल 2009 और 2010 में संयुक्त राष्ट्र ने विश्व हृदय दिवस की थीम ऑफिस में हृदय स्वास्थ थी और इस साल इसकी थीम है वन वर्ल्ड, वन होम, वन हर्ट यानि एक संसार, एक घर और एक दिल, जिसके द्वारा संयुक्त राष्ट्र हर व्यक्ति को अपने हृदय के प्रति जागरूक बनाना चाहता है।

### उद्देश्य

हृदय रोग पूरे विश्व में आज एक गंभीर बीमारी के तौर पर उभरा है। हर साल विश्व हृदय दिवस के माध्यम से पूरे विश्व के लोगों में इसके बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। अपने देश में तो अब कम उम्र के लोग भी इस बीमारी के शिकार हो रहे हैं। इस बीमारी की सबसे बड़ी वजहों में से एक है तनाव। तनाव हृदय का सबसे बड़ा दुश्मन है। आज की भागदौड़ वाली जीवन शैली में लोगों में तनाव कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। इसलिए इस बीमारी से पूरी तरह बचना तो मुश्किल है, लेकिन जहां तक संभव हो, इससे दूरी बनाए रखनी चाहिए।

तनाव के समय आवश्यकता होती है कि हम अपने हृदय की आवाज सुनें, हृदय को दुरुस्त रखने के लिए तनाव दूर भगाएं। तनाव के कारण मस्तिष्क से जो रसायन स्रावित होते हैं, वे हृदय की पूरी प्रणाली खराब कर देते हैं। तनाव से उबरने के लिए योग का भी सहारा लिया जा सकता है। हृदय हमारे शरीर का ऐसा अंग है, जो लगातार पंप करता है और पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को संचालित करता है। हृदय संचार प्रणाली के मध्य में होता है और धमनियों और नसों जैसी रक्त वाहिनियां अशुद्ध रक्त को शरीर के हर भाग से हृदय तक ले जाती हैं और शुद्ध रक्त को हृदय से शरीर के हर भाग तक पहुंचाती हैं।

### हृदय के रोग

आज युवाओं में हृदयाघात और हृदय की बीमारियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय बन रही हैं। पहले जहां 30 से 40 वर्ष तक के बीच हृदय की समस्याएं आंकी जाती थीं, आज यह 20 वर्ष से कम उम्र के लोगों में भी होने लगी हैं। ऐसे में हृदय की समस्याओं से बचने का एक ही उपाय है कि आप खुद अपनी कुछ सामान्य जांच करें और हृदय संबंधी सामान्य समस्याओं को भी गंभीरता से लें। हृदय के साथ होने वाली छेड़छाड़ का ही नतीजा है कि आज विश्व भर में कई तरह के हृदय रोग देखने को मिल रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार भारत में 10.2 करोड़ लोग दिल के मरीज हैं। पूरी दुनिया में 1.73 करोड़ लोग हर वर्ष इस बीमारी के शिकार होकर मर जाते हैं। यदि हालातों पर काबू नहीं किया गया तो 2020 तक हर तीसरे व्यक्ति की मौत हृदय रोग से होगी। माना जाता है कि उच्च रक्त चाप मधुमेह (डाइबिटीज) का सही नियंत्रण न करने एवं गुस्सा या चिंता अधिक करने वाले लोगों को जल्द हृदयाघात होने की आशंका होती है। इसलिए इससे बचाव के लिए काफ़ी कुछ परहेज रखने की जरुरत है।

साथ ही आजकल हम अपना अधिकतर समय ऑफिस में बिताते हैं, जहां अधिक शारीरिक कार्य करने की जगह अधिकतर लोग सिर्फ बैठकर अपना काम करते हैं। इस स्थिति में शरीर निष्क्रिय जीवन शैली का आदी बन जाता है। आज के युवा ऑफिस में तो बैठे-बैठे कॉफ़ी पीते हैं और फिर घर पर भी रात को देर तक टीवी देखकर सुबह देर से जगते हैं। फिर सुबह ऑफिस पहुंचने की भागमभाग में व्यायाम नाम की बला से पाला ही नहीं पड़ता। ऐसे में हृदय रोगों की सम्भावना बढ़ जाती है।

### हृदयाघात की सम्भावना

उम्र बढ़ने के साथ दिल का दौरा भी पड़ता है..., हम यही मानकर चलते हैं। लेकिन यह सच नहीं है। सभी बूढ़ों को दिल का दौरा नहीं पड़ता। दरअसल, दिल के दौरे की नींव बचपन में ही पड़ जाती है। यह समस्या सालों तक चुपचाप अंदर ही अंदर काम करती रहती है और एक दिन दिल के दौरे में तब्दील हो जाती है। दिल की सेहत से जुड़े कुछ तथ्यों को हम जान लें तो आधी लड़ाई जीत जाते हैं। बस, इसके लिए अपनी जीवन शैली में कुछ परिवर्तन करना ज़रूरी होते हैं। सच तो यह है कि हमारे देश में दिल के दौरों के लिए खानपान की गलत आदतें और अस्वास्थ्यकर जीवन शैली मुख्य रूप से जिम्मेदार है। जंकफूड भी जिम्मेदार है। सर्कुलेशन जर्नल में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक़ जो लोग अपने भोजन में अत्यधिक वसा, नमक, अंडे और मांस खाते हैं, उन्हें दूसरों के मुकाबले दिल का दौरा बड़ने का जोखिम 35 प्रतिशत अधिक होता है। इसकी तुलना में जो लोग 60 ग्राम साबुत अनाज से बना हुआ दलिया खाते हैं, उन्हें यह जोखिम कम होता है।

### रोगियों की संख्या

हृदय के साथ होने वाली छेड़छाड़ का ही नतीजा है कि आज विश्व भर में हृदय रोगियों की संख्या बढ़ गई है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में 10.2 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में हैं। पूरी दुनिया में हर साल 1.73 करोड़ लोगों की मौत इस बीमारी की वजह से हो जाती है और यदि हालातों पर काबू नहीं किया गया तो 2020 तक हर तीसरे व्यक्ति की मौत हृदय रोग से होगी।

### लोगों में व्याप्त मिथक

इन सबके अतिरिक्त आजकल हृदय रोग से जुड़े ऐसे कई मिथक भी सामने आ रहे हैं, जो पूरी तरह बेबुनियाद होने के बावजूद अधिकांश लोगों के दिमाग में घर किए रहते हैं। ये गलत-सही जानकारियां हमें कहीं से भी मिल सकती हैं, लेकिन इन पर विश्वास करना हमारे हृदय के लिए हानिकारक हो सकता है। हृदय विशेषज्ञों का कहना है कि उन्हें हृदय रोगियों का उपचार करते समय उन्हें रोगियों के ऐसे कई मिथकों को भी दूर करना पड़ता है। कुछ मिथक तो बहुत आम होते हैं। जैसे- लोगों में यह आम धारणा होती है कि हर तरह का व्यायाम हृदय के लिए लाभकारी होता है। इसी तरह अधिकांश लोग यह सोचते हैं कि महिलाओं में दिल की बीमारी का खतरा कम होता है। इस तरह की अनेक ऐसी धारणाएं हैं, जो बहुत से लोगों में घर कर गई हैं। इन मिथकों को तोड़कर सही तथ्य स्पष्ट करने मात्र से रोगियों के हृदय को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है।

पुरुषों को हल्की परेशानी होते ही वे चिकित्सक के पास चले जाते हैं, लेकिन सहनशक्ति अधिक होने के कारण महिलाएं हल्की-फुल्की परेशानी यूं ही झेल जाती हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि कई बार तो चिकित्सक के पास जाने पर कैंसर तक की जांच लिख दी जाती है, लेकिन दिल की जांच नहीं करवाई जाती। दिल्ली के मैक्स अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ के.के. तलवार अनुसार, महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन के रहने से वे कुछ हद तक इससे संरक्षित तो रहती हैं, लेकिन धुम्रपान, अस्वास्थ्यकर भोजन करने की आदत और गर्भनिरोधक दवाएं लेने के कारण उनमें भी दिल की बीमारी का खतरा काफ़ी होता है। मेनोपाज के बाद तो यह खतरा और बढ़ जाता है।

# वारी एनर्जीज पर अमेरिकी जांच का कितना पड़ेगा असर, कंपनी के इस बड़े बयान से शेयर पर दिखेगा एक्शन!




नई दिल्ली (एजेंसी)। वारी एनर्जीज ने रविवार को कहा कि सौर शुल्क चोरी की आशंका को लेकर अमेरिकी जांच से उसकी निवेश योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इनमें टेक्सास स्थित उसके संयंत्र का विस्तार और अमेरिकी बाजार में सौर सेल निर्माण क्षमता स्थापित करने की संभावना शामिल है। वारी, सौर मॉड्यूल के निर्माण में सबसे बड़ी एकीकृत कंपनियों में से एक है। भारत में इसकी परिचालन क्षमता 13.3 गीगावाट है। कंपनी ने इस साल जनवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास स्थित अपने अमेरिकी सौर मॉड्यूल निर्माण संयंत्र में 1.6 गीगावाट की प्रारंभिक स्थापित क्षमता के साथ परिचालन शुरू किया था।

टेक्सास स्थित इस संयंत्र को वित्त वर्ष 2026-27 तक 3.2 गीगावाट तक बढ़ाया जा रहा है। अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारियों ने पिछले सप्ताह इस बात की जांच शुरू की थी कि क्या वारी ने चीन में बने सौर सेल और पैनलों को भारत में निर्मित बताकर शुल्क बचाया है।

फर्म ने कहा, जांच का हमारी निवेश योजनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। टेक्सास संयंत्र का 1.6 गीगावाट से 3.2 गीगावाट तक विस्तार पहले ही चल रहा है। कंपनी ने कहा कि अमेरिका स्थित मेयर बर्गर की संपत्तियों के अधिग्रहण से देश में उसकी दीर्घकालिक विनिर्माण उपस्थिति और मजबूत होगी।

फर्म ने पीटीआई-भाषा को दिए एक लिखित प्रश्नोत्तर में कहा, वारी एनर्जीज ईमानदारी से काम करना जारी रखेगी, और हम अमेरिकी बाजार के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

फर्म ने कहा कि वह जांच में अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) को सभी आवश्यक जानकारी दे रही है।

## टाटा संस बेच रहे 23 करोड़ शेयर, 6 अक्टूबर से ओपन




नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल यूनिट टाटा कैपिटल का आईपीओ खुलने जा रहा है। कंपनी का आईपीओ 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक खुला रहेगा। एंकर निवेशकों के पास टाटा कैपिटल के आईपीओ पर 8 अक्टूबर तक दांव लगाने का मौका रहेगा। बता दें, कंपनी के आईपीओ का साइज 17200 करोड़ रुपये है।

आईपीओ के जरिए कंपनी 47.58 करोड़ शेयर जारी करेगी। इसमें फ्रेश शेयर 21 करोड़ और ऑफर फार सेल के तहत 26.58 करोड़ शेयर शामिल हैं। ऑफर फार सेल के जरिए टाटा संस 23 करोड़ शेयर बेचने जा रहे हैं। इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन की तरफ से 2.58 करोड़ शेयर आईपीओ के जरिए बेचे जाएंगे। बता दें, टाटा संस की टाटा कैपिटल में कुल होल्डिंग 88.60 प्रतिशत है। वहीं, आईएफसी के पास 1.8 प्रतिशत हिस्सा है।

टाटा कैपिटल के आईपीओ का प्राइस बैंड अभी तय नहीं हुआ है। सोमवार को टाटा कैपिटल की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाया गया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि कंपनी की तरफ से इसी दिन प्राइस बैंड का ऐलान किया जा सकता है। इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को ग्रे मार्केट में टाटा कैपिटल का आईपीओ 21 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा था। इससे पहले 26 सितंबर को आईपीओ का जीएमपी 30 रुपये प्रति शेयर था।

## रख लें पैसा, WeWork India लाएगा 3000 करोड़ रुपये का IPO, कब खुलेगा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। वर्कस्पेस सॉल्यूशन्स कंपनी WeWork India अपना 3,000 करोड़ का आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर के बीच लॉन्च करने जा रही है। एंकर निवेशकों के लिए बिडिंग 1 अक्टूबर को शुरू होगी। कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस का हवाला देते हुए यह जानकारी दी गई है।




वीवर्क इंडिया ने अपने RHP में बताया कि इस आईपीओ का मकसद है कि कंपनी के इक्विटी शेयरों को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट कराकर उसे मिलने वाले लाभों का फायदा उठाया जा सके। इसके अलावा, कंपनी की दृश्यता बढ़ाना, मौजूदा शेयरधारकों को लिक्विडिटी देना, और पब्लिक मार्केट स्थापित करना भी इसके प्रमुख उद्देश्य हैं।


क्या है इश्यू साइज- रिपोर्ट के मुताबिक, वीवर्क इंडिया का यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, जिसमें 4.63 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। यानी कंपनी को इस इश्यू से सीधे कोई फंड प्राप्त नहीं होगा।

इस OFS के तहत, प्रमोटर ग्रुप की फर्म Embassy Buildcon LLP और निवेशक 1 Ariel Way Tenant Ltd (Áô WeWork Global का हिस्सा है) अपने शेयर बेचेंगे। वर्तमान में Embassy Group के पास कंपनी में 76.21त्न हिस्सेदारी है, जबकि WeWork Global के पास 23.45त्न हिस्सेदारी है।

कब होगी लिस्टिंग- आईपीओ के पूरा होने के बाद, वीवर्क इंडिया के शेयर 10 अक्टूबर को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट हो सकते हैं।

वीवर्क इंडिया के बारे में- वीवर्क इंडिया की स्थापना 2017 में हुई थी, और यह बेंगलुरु की रियल एस्टेट कंपनी Embassy Group द्वारा प्रमोट की गई है। कंपनी 'WeWork' ब्रांड के तहत एक एक्सक्लूसिव लाइसेंस पर काम करती है।

## 3 महीने में किया पैसा डबल, अब सोमवार को फोकस में रहेगा मल्टीबैगर स्टॉक, आपका है दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। 5 साल में पोजीशनल निवेशकों को 1939 प्रतिशत का रिटर्न देने वाली कंपनी क्यूपिड लिमिटेड के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे। कंपनी की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2026 का दूसरा क्वार्टर क्यूपिड लिमिटेड के इतिहास का सबसे बेस्ट तिमाही साबित होने जा रहा है। इस बयान के सामने आने के बाद अब सोमवार को कंपनी के शेयरों में हलचल की उम्मीद है।

26 सितंबर को क्यूपिड के चेयरमैन और एमडी आदित्य कुमान ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही उनके लिए अबतक के इतिहास में सबसे बेस्ट तिमाही साबित होने जा रही है। उन्होंने नए प्रोडक्ट्स के लॉन्च, एफएसीजी सेक्टर में तेजी और मजबूत इंस्टीट्यूशनल ऑर्डर को अपने भाषण में रेखांकित किया है। कंपनी अपने सभी बिजनेस लाइन में मजबूती के साथ प्रदर्शन कर रही है।

शुक्रवार को क्यूपिड लिमिटेड के शेयर 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ बीएसई में 215.55 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। 1 महीने में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 26 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, 3 महीने में यह स्टॉक 107 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है। 6 महीने में क्यूपिड लिमिटेड का शेयर 236 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें, एक साल में स्टॉक 154 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# रसोई गैस ग्राहक ध्यान दें! बिना कनेक्शन बदले ही सिम पोर्ट की तरह चेंज कर पाएंगे गैस सिलेंडर कंपनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। क्या आप अपने रसोई गैस आपूर्तिकर्ता से नाराज हैं? अगर ऐसा है तो जल्द ही आपको राहत मिलने वाली है। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह ही, रसोई गैस उपभोक्ताओं को जल्द ही अपने मौजूदा कनेक्शन को बदले बिना आपूर्तिकर्ता को बदलने की अनुमति मिल जाएगी।




इससे उन्हें अधिक विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी। तेल नियामक पीएनजीआरबी ने एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी मसौदे पर हितधारकों और उपभोक्ताओं की टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नोटिस में कहा कि ऐसी स्थितियों में जहां किसी स्थानीय वितरक को परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करना पड़ता है, उपभोक्ताओं के पास अक्सर सीमित विकल्प होते हैं और उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैइसमें कहा गया, अन्य कारण भी हो सकते हैं, और उपभोक्ता को एलपीजी कंपनी या डीलर चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, खासकर जब सिलेंडर की कीमत समान हो।

तत्कालीन संप्रग सरकार ने अक्टूबर 2013 में 13 राज्यों के 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शनों की पायलट पोर्टेबिलिटी शुरू की थी और जनवरी 2014 में इसे पूरे भारत में विस्तारित करते हुए 480 जिलों को इसमें शामिल किया था।

हालांकि, उपभोक्ताओं को 2014 में केवल अपने डीलर बदलने के सीमित विकल्प दिए गए थे, तेल कंपनी नहीं।

उस समय कंपनियों के बीच पोर्टेबिलिटी कानूनी रूप से संभव नहीं थी, क्योंकि कानून के अनुसार किसी विशेष कंपनी के एलपीजी सिलेंडर को रिफिल के लिए केवल उसी कंपनी को जमा करना होता था।

## 5 साल में ही 1 लाख रुपये के बना दिए 38 लाख रुपये, नवरत्न कंपनी ने भरी निवेशकों की झोली



नई दिल्ली (एजेंसी)। एयरोस्पेस एंड डिफेंस इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों ने 5 साल में ही शेयरधारकों की झोली भर दी है। नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने पांच साल में छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में 5 साल पहले लगाए गए 1 लाख रुपये अब 38 लाख रुपये से ज्यादा बन गए हैं। नवरत्न कंपनी के शेयरों ने यह कमाल बोनस शेयरों के दम पर दिखाया है। पिछले पांच साल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने अपने निवेशकों को एक बार बोनस शेयर बांटे हैं। हालांकि, पिछले 10 साल में कंपनी 3 बार बोनस शेयर का तोहफा दे चुकी है।

नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर 25 सितंबर 2020 को 31.10 रुपये पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने 25 सितंबर 2020 को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उसे कंपनी के 3,215 शेयर मिलते। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने सितंबर 2022 में 2:1 के अनुपात में बोनस शेयर दिए हैं।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# अब तारीख पर तारीख नहीं... एमपी में हाई कोर्ट हो रहे तत्काल फैसले, इस शनिवार भी हुआ ताबड़तोड़ न्याय



जबलपुर। हाई कोर्ट को चार लाख 82 हजार 627 कुल लंबित मुकदमों के बोझ से निजात दिलाने युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है। इस अभियान के अंतर्गत निरंतर दूसरे शनिवार को 8 विशेष पीठों ने 296 प्रकरणों का निराकरण करने का आदर्श प्रस्तुत किया। 8 विशेष पीठों ने जमानत अर्जियों को सुना। शेष दो नियमित पीठों के समक्ष सर्विस व अवमानना के प्रकरण सुने गए।

दरअसल, हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा के निर्देश पर इन विशेष पीठों का गठन किया गया है। शनिवार को आठ विशेष पीठों ने 866 जमानत के मामलों पर सुनवाई की। इनमें से से 296 मामले निराकृत कर दिए गए। वहीं, सेवा संबंधी मामलों की सुनवाई कर रही दोनों बेंचों ने 41 मामलों का निराकरण किया। इस तरह एक दिन में ही 337 लंबित मामलों का पटाक्षेप कर दिया गया। जबकि पहले शनिवार को आठ विशेष बेंच में 864 मामले सुनवाई के लिए रखे गए थे, जिनमें से 350 प्रकरणों का निराकरण किया गया था।इन जजों ने सुनी जमानत अर्जियां

जज - कुल आवेदन सुने - निराकृत

न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा - 115 - 55

न्यायमूर्ति एमएस भट्टी - 149- 51

न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल- 138 - 33

न्यायमूर्ति दीपक खोत - 126 - 33

न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी - 103 - 33

न्यायमूर्ति रामकुमार चौबे - 84- 32

न्यायमूर्ति रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन- 48-14

न्यायमूर्ति बीपी शर्मा - 102 - 45

सर्विस मैटर्स के लिए बैठी ये बेंच

जस्टिस डीडी बंसल- 92 - 04

जस्टिस विवेक जैन- 109- 37

कुल मामलों पर सुनवाई - 866

निराकृत मामले - 337

द्रुतगति से बढ़ रहे लंबित मामलों को गंभीरता से लिया गया

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन व सचिव परितोष त्रिवेदी के अनुसार उन्होंने मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा को बताया था कि मुख्यपीठ में इस वर्ष दायर की गई व लंबित जमानत अर्जियों का आंकड़ा तीन हजार के पास पहुंच गया है। सर्विस मैटर्स का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। इसको लेकर वकीलों में पिछले कुछ समय से असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया था।

इसके बाद मुख्य न्यायाधीश सचदेवा ने द्रुतगति से बढ़ रहे लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए नवीन व्यवस्था दे दी। विगत 20 सितंबर को जमानत के मामलों के लिए आठ विशेष बेंच गठित की थीं। इस बार दो बेंच सर्विस मैटर्स के लिए भी बैठीं। जैन ने कहा कि हाई कोर्ट की यह पहल सराहनीय है। इससे बड़ी संख्या में पक्षकारों को राहत मिली। सामान्य कार्य दिवसों की तरह इनमें पक्षकार, वकील, कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे।एक वर्ष में 50 हजार केस निपटाने का लक्ष्य

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में चार लाख 82 हजार 627 केस लंबित हैं। इसमें 2,86,172 मामले सिविल और 1,96,455 क्रिमिनल के हैं। कुल क्रिमिनल मामलों में शून्य से 10 साल पुराने 1,34,524 केस, 11 से 25 साल पुराने 59,424 केस और 25 साल से भी ज्यादा पुराने केसों की संख्या 2,507 है। हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर में तीन हजार मामले अकेले जमानत अर्जियों से जुड़े हैं, जो महीनों से लंबित हैं।

भोपाल, इंदौर और ग्वालियर की तीनों पीठों में कुल 53 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या है, कार्यरत 43 हैं। अनुमान है कि 10 जजों की स्पेशल बेंच एक साल में 30 से 50 हजार से अधिक मामलों का निपटारा कर सकती है। सभी बेंचें एमसीआरसी यानी क्रिमिनल मामलों, आदेश, एडमिशन और अंतिम सुनवाई पर विचारण करेंगी।

## खजुराहो वंदे भारत में गंदगी और पुरानी सीटों से परेशान यात्री, रेल मंत्री से की शिकायत



ग्वालियर। लक्जरी और आरामदायक ट्रेन के रूप में पहचान रखने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की व्यवस्थाओं से यात्री नाराज हैं। ट्रेन के चेयर कार में गंदगी से लेकर सीटों की स्थिति पर यात्रियों को जमकर आपत्ति है और वे इसकी शिकायत रेल मंत्री से ऑनलाइन माध्यमों से कर रहे हैं।

**शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग**-शनिवार को हजरत निजामुद्दीन से खजुराहो जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस के सी-5 कोच में यात्रा कर रहे यात्री प्रशांत माथुर ने ट्रेन में तमाम कमियां गिनाते हुए रेल मंत्री एक्स पर शिकायत दर्ज कराई और रेल मंत्री से कार्रवाई की मांग की। प्रशांत माथुर ने ट्रेन नंबर 22470 हजरत निजामुद्दीन-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयर कार क्लास में आगरा कैंट से वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन झांसी तक सफर के लिए टिकट बुक कराया था। उन्हें कोच नंबर सी-5 में 14 नंबर सीट मिली थी। सीट बिल्कुल भी फ्लेक्सिबल नहीं

शुक्रवार सुबह ट्रेन आगरा स्टेशन से चली तो वे अपनी सीट पर बैठ गए। उनका कहना था कि कोच की स्थिति गंदी थी, जबकि ट्रेन हजरत निजामुद्दीन से ही रवाना हुई थी। जब प्रशांत माथुर ने आराम पाने के लिए सीट को पीछे की ओर झुकाना चाहा, तो सीट बिल्कुल भी फ्लेक्सिबल नहीं थी।

**प्रचार-प्रसार से हकीकत अलग**-इस पर उन्होंने रेलमंत्री से शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि ट्रेन में गंदे और पुराने कोच लगे हुए हैं, जबकि यात्रियों से लक्जरी सेवा का किराया वसूला जा रहा है। रेलवे द्वारा ट्रेन में सुविधाओं को लेकर जितना प्रचार-प्रसार किया जाता है, हकीकत उससे अलग है।

## डीजे की तेज आवाज में पिता ने बेटी को मारी गोली, फिर खुदकुशी बताकर लाश नदी में फेंक दी






मुरैना। मुरैना में स्वजन ने 19 वर्षीय बेटी की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या के बाद उसका शव 21 किमी दूर स्थित अपने पैतृक गांव के पास क्वारी नदी में फेंक दिया। प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है। मामला चार दिन पहले का है, लेकिन शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस की अलग-अलग टीमों ने जांच पड़ताल शुरू की है।

पुलिस टीम शनिवार की दोपहर से शव की तलाश कर रही थी। एसडीईआरएफ की टीम को रविवार की सुबह 11 बजे सफलता मिली। नदी से स्त्रक्स्र को सफेद चादर में लिपटा शव मिला।

इसके बाद शव की पहचान पिता व अन्य स्वजन की ओर से की गई। लगभग पांच दिन पानी में रहने के कारण शव बुरी तरह गल चुका है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के भेजेगी।ऐसे हुआ खुलासा सिविल लाइन थाना टीआइ दर्शन शुक्ला ने बताया कि मुखबिर ने बताया कि अंबाह बाइपास रोड की शिवनगर कालोनी में आइपीएस इंटरनेशनल स्कूल संचालित करने वाले परिवार ने अपनी 12वीं में पढ़ने वाली बेटी दिव्या पुत्री बंटू सिकरवार की हत्या कर शव फेंक दिया है। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और शिवनगर में उक्त पते पर पहुंची। मौके पर जानकारी लगी कि 24 सितंबर को 19 वर्षीय बेटी की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई।

मामले की गंभीरता देख पुलिस ने सख्ती दिखाई तो आरोपितों ने बताया, कि दिव्या ने खुद को गोली मार ली थी, उसका जलदाह अपने पैतृक गांव गलेथा, भगवान सिंह का पुरा में क्वारी नदी में किया गया है। पुलिस ने जब पूछा कि दिव्या ने किस बंदूक से गोली मारी तो स्वजन ने बताया, कि दिव्या का चाचा रवि सिकरवार फौज में है, उसकी रिवाल्वर से खुदकुशी की है।

पुलिस ने वह रिवाल्वर मांगी, तो स्वजन ने रिवाल्वर को ग्वालियर में होना बता दिया। इसके बाद स्वजन को थाने ले जाकर पूछताछ हुई, तो पता चला कि दिव्या के स्वजन ने ही डीजे की तेज आवाज में गोली मारकर उसकी हत्या की और रात में शव को क्वारी नदी में फेंक दिया।

छात्रा और उसका छोटा भाई टीएसएस स्कूल में एक ही क्लासरूम में बैठकर पढ़ते थे। उसका भाई अभिषेक भी 24 सितंबर की रात से लापता है, जिसके बारे में भी स्वजन स्पष्ट बताने तैयार नहीं। हत्या के बाद झूठ बोलकर पड़ोसी की कार से उसका शव ले गए, लेकिन जब पड़ोसी को गोली की बात पता चली तो उन्हें बीच रास्ते में ही उतारकर वह लौट गया। यहां से स्वजन, दिव्या के शव को ट्रैक्टर-ट्राली में रखकर नहर के रास्ते से गलेथा ले गए, वहां नदी में फेंक दिया।

## सूट-बूट में आए बाइक सवारों ने एसडीएम बंगले के सामने नायब तहसीलदार की पत्नी को लूटा



सतना। सतना जिले के नागौद थाना क्षेत्र के सिविल लाइन इलाके में एसडीएम बंगले के सामने ही दिनदहाड़े सनसनीखेज लूट की वारदात हो गई। नायब तहसीलदार राजेंद्र मांझी की पत्नी विनीता मांझी मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं, तभी सूट-बूट पहने बाइक सवार बदमाशों ने सम्मोहन कर उनके कान की बाली, नथनी और मंगलसूत्र समेत लाखों के जेवरात पार कर दिए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सुबह 6-25 पर हुई वारदात मिली जानकारी के अनुसार, विनीता मांझी प्रतिदिन की तरह सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं। जैसे ही वे एसडीएम बंगले के सामने पहुंचीं, तभी स्टाइलिश कपड़े पहने दो युवक उनके पास पहुंचे और बातचीत करने लगे। बातचीत के दौरान युवकों ने पता मांगने के बहाने कुछ डाल दिया। इसके बाद विनीता सम्मोहन की अवस्था में आ गईं।




# कथा सुन रहे भक्तों ने जाना - शरीर के नौ अंगों में नौ ग्रहों का वास

## आचार्यश्री ने बताया शनि पर शुक्र का दबाव घरों में लाता है समृद्धि



इंदौर। वीआईपी परस्पर नगर, इंदौर में बीते दिनों से कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में चल रहे भव्य और अद्वितीय धार्मिक आयोजन की आभा हर दिन बढ़ती जा रही है कि यहां आने वाले भक्तों की संख्या में हर दिन बढ़ोतरी हो रही है। बीते दिनों यहां पहुंचे मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भक्तों की अपार भीड़ और श्रद्धा को देखकर इस आयोजन का नजारा मिनी महाकुंभ-सा बताया था। भक्तों की हजारों की भीड़ अब बढ़कर लाखों हो चुकी है, जो देर रात तक यहां भक्ति भाव में लीन है। आचार्यश्री के हर दिन होते विशेष प्रवचन को भी कई भक्त नम आंखों और देवी के जयकारों के साथ सुन रहे हैं।

ये भव्य और अद्वितीय धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक चलेगा। शनिवार को छठवें दिन महायज्ञ से भक्तों की भीड़ ने कथा श्रवण और दर्शन के लाभ लिए। विशेष साधना के बाद महायज्ञ और फिर देवी भागवत कथा और आचार्यश्री के प्रवचन हो रहे हैं। कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने बताया कि नवरात्रि के छठवें दिन मां कात्यायनी की पूजा होती है। मां कात्यायनी की आराधना से भक्तों को साहस, बल और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। अविवाहित कन्याएं मां की पूजा करती हैं, तो उन्हें उत्तम पति की प्राप्ति होती है। मां का आशीर्वाद साधक के जीवन से सभी संकटों और भय का नाश करता है और धर्मपथ पर आगे बढ़ने की शक्ति देता है। मां दुर्गा का यह स्वरूप अत्यंत दिव्य है। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष साधना के बाद काशी से आए 145 विद्वान पंडितों ने 1 करोड़ कुमकुम अर्चन में से 10 लाख कुमकुम अर्चन की आराधना की। दोपहर 3 से 6 बजे तक विशेष महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई, जिसमें देश-विदेश से आए अनुयायियों के साथ शहर और आसपास के हजारों की संख्या में महिलाएं-पुरुष शामिल हुए। शनिवार को कथा प्रवचन के दौरान शनिदेव की दिव्य महिमा का वर्णन किया गया।

शास्त्रों में लिखा है हर बात का महत्व - कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने शुक्रवार को देवी भागवत कथा स्थल पर किए प्रवचन में बैठे भक्तों को शरीर के नौ अंगों में नौ ग्रहों के वास और उनकी महत्ता बताई। उन्होंने भक्तों से कहा कि शास्त्रों में बताया गया है कि शुक्र का शनि पर दबाव घर में समृद्धि लाता है, इसलिए स्त्री को पुरुष के पैर दबाना चाहिए। शरीर के अंग हाथ में शुक्र ग्रह और पैर में शनि ग्रह होता है। यानी स्त्री का हाथ शुक्र और पुरुष का पैर शनि हुआ। स्त्री जब पैर दबाते हुए शुक्र से यानि अपने हाथों से शनि यानि पुरुष के पैरों को दबाएगी, तो मां लक्ष्मी की कृपा उस घर में होगी और धन बरसेगा।

शनिवार को पहुंचे इंदौर सांसद - शनिवार को महायज्ञ के दौरान ही इंदौर संसदीय क्षेत्र के सांसद शंकर लालवानी कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। उन्होंने आचार्यश्री से आशीर्वाद लेकर कुछ देर महायज्ञ कुटी में बिताए।

28 सितंबर को व्यापारी वर्ग के लिए विशेष प्रवचन - सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अलावा यहां हर दिन हर वर्ग के लिए विशेष प्रवचन किए जा रहे हैं। 28 सितंबर को भी यहां प्रस्तुति होगी। इससे पहले कल यहां आचार्यश्री के मुखरविंद से व्यापारी वर्ग के लिए विशेष प्रवचन होंगे, जिसमें वे बताएंगे कि करें कैसे व्यापार, जिससे हो जाएं सफल।

## गुजराती बॉलीवुड थीम पर सजा माहेश्वरी कुटुंब परिवार का गरबा



इंदौर। पश्चिम क्षेत्र में माहेश्वरी कुटुंभ परिवार के गरबों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां का दौर देर रात तक चला, दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत मां दुर्गा की सामूहिक आरती से हुई। गुजराती बॉलीवुड थीम पर शनिवार रात हुए गरबो में सैकड़ो की संख्या में समाज जनों की सहभागिता रही।

माहेश्वरी कुटुंब परिवार के संस्थापक अध्यक्ष शारदा प्रकाश अजमेर ने बताया कि रात आठ बजे से पश्चिम क्षेत्र के अक्षत गार्डन बड़ी संख्या में समाज जनों का जमावड़ा लग गया था। मां दुर्गा की सामूहिक आरती ने माहौल को भक्ति आराधना के रंग से सराबोर कर दिया था। ढोली तारो ढोल बाजे... मैं तो आरती उतारू अम्बे मां.... नवरात्रि रो त्योहार आयो सब करे माता रानी रो गरबों...आदि सुमधुर थीम पर गरीबों की प्रस्तुतियां चलती रही। वहीं 100 से ज्यादा संस्था माहेश्वरी कुटुंब परिवार के सदस्यों ने व्यवस्था को संभाल, प्रतिभागियों को अलग-अलग पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# सभी राजस्व प्रकरण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक निराकृत हो

इंदौर। जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण की गति व गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टरों से लेकर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने आरसीएमएस, नामान्तरण, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, सीएम हेल्पलाइन, पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री, ई-केवायसी, राजस्व वसूली, खरीफ गिरदावरी, स्वामित्व योजना, नक्शा प्रोजेक्ट, भू-सर्वेक्षण/री-सर्वे, भू-अभिलेख डिजिटाइजेशन तथा फसल क्षति प्रकरणों सहित सभी महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल, श्री पंवार नवजीवन विजय, श्री रिंकेश वैश्य, श्री रोशन राय, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक निराकृत हों, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों में पारित सभी आदेश पारदर्शी और सटीक हों, ताकि जनता को न्याय मिले और शासन के हित सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि निराकृत प्रकरणों का रेण्डम निरीक्षण किया जाएगा। पारित आदेशों की रेण्डम रूप से कलेक्टर और अपर कलेक्टर स्वयं समीक्षा करेंगे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि हमारा काम जनता की सेवा करना है। जनता के कार्य समय-सीमा में, गुणवत्ता के साथ पूरे हों। शासन की संपत्ति की सुरक्षा और हितों की रक्षा हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि किसी की लापरवाही से शासन के विरुद्ध निर्णय आता है, तो कठोर कार्रवाई तय है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिये कि प्रत्येक राजस्व प्रकरण आरसीएमएस में दर्ज हो। नामान्तरण, बंटवारा व सीमांकन प्रकरणों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए मार्गदर्शी निर्देश तैयार करने के निर्देश अपर कलेक्टरों को दिये गए। कहा गया कि नोटिस के प्रारूप में समयानुसार सुधार हो। नोटिस स्पष्ट बनाए जाएं।

## श्री गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट के तत्वावधान में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में बस्ता एवं कॉपी वितरण

इंदौर। श्री गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट के तत्वावधान में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 21, परदेशीपुरा में छात्राओं के लिए बस्ता एवं कॉपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया और वातावरण को उल्लासमय बना दिया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक श्री सत्यनारायण पटेल उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेवी श्री मदन परमालिया, पूर्व प्राचार्य श्री राजू मेहरा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री मुकेश मिमरोट, किसान नेता श्री हंसराज मंडलोई एवं शिक्षिका श्रीमती कविता मरमट ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विनिता यादव द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सभी अतिथियों ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा इस प्रकार के आयोजनों को प्रेरणादायक बताया।

## तुलसी नगर में नवरात्रि की भव्य छटा, माँ अम्बे, सरस्वती मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा की भीड़



इंदौर। तुलसी नगर स्थित अनंतेश्वरधाम माँ अम्बे मंदिर तथा सरस्वतीधाम माँ सरस्वती मंदिर इन दिनों नवरात्रि की पावन आभा से आलोकित हैं। धार्मिक आस्था और उल्लास से परिपूर्ण इस महोत्सव में निपानिया, पिपलियाकुमार सहित पूरे शहर से श्रद्धालु माँ भगवती के दर्शन, पूजा-अर्चना और दुर्गा सप्तशती पाठ व आरती में भाग लेने आ रहे हैं।

प्रत्येक दिन माता की विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती का पाठ और आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठता है। तुलसी नगर के इन दोनों शक्ति पीठों के भव्य प्रांगण में क्षेत्र की मातृ शक्तियों द्वारा माँ अम्बे की आराधना में भव्य गरबा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। रविवार महा सप्तमी को तुलसी नगर के मातृ शक्तियों द्वारा चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात माँ अम्बे को चुनरी चढ़ाई जाएगी।

महाअष्टमी, महा नवमी को होगा कन्या पूजन, कन्या भोज का आयोजन- 30 सितंबर, सोमवार को महाअष्टमी पर अनंतेश्वरधाम स्थित माँ अम्बे मंदिर में कन्या पूजन एवं कांय भोज का आयोजन होगा, वहीं महा नवमी के अवसर पर सरस्वतीधाम माँ सरस्वती मंदिर में यज्ञ और कन्या भोजन संपन्न किया जाएगा।

महाष्टमी पर माँ को चढ़ेगा महा भोग; मातृ शक्तियां खोइंछा अर्पित करेंगी- नवरात्रि पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महाअष्टमी पर माँ भगवती को महाभोग चढ़ाया जाएगा। मातृशक्तियां माँ अम्बे आंबे और माँ सरस्वती को श्रृंगार सामग्री, प्रसाद और खोइंछा अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय भविष्य की कामना करेंगी।

# आपदा प्रबंधन को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में हुई विभागवार समीक्षा बैठक

इंदौर। जिले में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम के अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने विभागवार आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग की कार्ययोजना स्पष्ट और क्रियान्वित करने योग्य होनी चाहिए। किसी भी आकस्मिक स्थिति में चाक-चौबंद व्यवस्था इस तरह से बनाई जाए कि राहत और बचाव दल समय पर मौके पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही कर सकें।



उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के कार्यों का प्रभाव मौके पर प्रभावी रूप से दिखना चाहिए। हमारे प्रयास ऐसे हों कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में जनहानि न हो और नुकसान न्यूनतम रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित अंतराल पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाए, ताकि आपदा की वास्तविक स्थिति में त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्होंने कहा कि जनता और वॉलिंटियर्स को भी जागरूक करना उतना ही आवश्यक है। जनसामान्य को बचाव के प्राथमिक उपायों और आपातकालीन संपर्क नंबरों की जानकारी समय-समय पर दी जाए।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिवंगत पुलिस कर्मियों को श्रध्दांजलि दी और परिवारों को सहायता राशि भेंट की

## पुलिसकर्मियों के परिवार के साथ है पूरी सरकार




उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान एस. आई. श्री अशोक शर्मा के निवास पर पहुचकर श्रध्दांजलि अर्पित की और परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा की विगत दिनों एक दुखद हादसा हुआ जिसमें हमारे उज्जैन जिले के पुलिस परिवार के तीन पुलिस कर्मियों का निधन हो गया। यह बड़ी दुखद घटना है और इस दुख की घड़ी में मध्य प्रदेश के मुखिया होने के नाते और पूरी सरकार इस हादसे से पीड़ित पुलिस कर्मियों के परिवार के साथ है और मध्यप्रदेश सरकार से इनके लिए मदद हो सकेगी, वह पूर्ण करने के प्रयास किए जाएंगे। श्री निनामा के परिवार के एक व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान कर दी गई है, वहीं आरती पाल के परिजन को भी अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है, थाना प्रभारी स्वर्गीय श्री अशोक शर्मा जी के परिजनों को भी उसी प्रकार अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ड्यूटी करते हुयें कर्वव्य निष्ठ पुलिस कर्मियों को श्रध्दा सुमन अर्पित करते हुये एक - एक करोड़ रुपए की राशि का स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का चेक श्री अशोक शर्मा और मांगीलाल निनामा के परिजनों को सौंपा। वही आरती पाल जी के परिवारजनों को भी 59 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत के परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य बाल योगी श्री उमेश नाथ महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूखेड़ा, श्री संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी क्षेत्रीय पार्षद हेमंत गहलोत आदि उपस्थित थे।

# भरत भूमि के संस्कृत नाटक 'प्रामाणिकता' का बाल कलाकारों ने किया मंचन




उज्जैन। कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित बालनाट्य समारोह में भरत भूमि नाट्य संस्कृति संस्थान के बाल कलाकारों ने संस्कृत नाटक ÷प्रामाणिकता÷ का मनमोहक मंचन किया गया। नाटक का लेखन इंदिरानाथ ने किया तथा निर्देशन संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र वाडिया द्वारा किया गया।

संस्थान के सचिव अंकित जोशी ने बताया कि इस नाटक का उद्देश्य बच्चों में ईमानदारी, सच्चाई और नैतिक मूल्यों का संचार करना है। नाटक की कथा दो सहेलियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रास्ते में मिले पर्स को खर्च करने के बजाय सही स्थान पर जमा करती हैं और समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करती हैं। नाटक की सफलता में बच्चों का उत्साह, परिश्रम और शिक्षकों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा। इस प्रक्रिया में बाल कलाकारों ने न केवल संस्कृत भाषा का अभ्यास किया, बल्कि जीवन के मूल्यों को भी आत्मसात किया। दर्शकों ने बाल कलाकारों के आत्मविश्वास और गंभीर अभिनय की भरपूर प्रशंसा की।

नाटक में प्रमुख भूमिकाएँ रिद्धि जोशी, जीगर वाडिया, हिमाक्षी व्यास, उज्ज्वल वाडिया, कृतिका निर्मल, जिया वाडिया, हर्ष निर्मल एवं द्विज शर्मा ने निभाई। पार्श्व संगीत एवं प्रकाश परिकल्पना शुभम शर्मा, नृत्य निर्देशन एवं वस्त्र विन्यास मंदाकिनी शर्मा एवं कविता सिसोदिया, सहयोग ईशान व्यास, हरदीप दायले एवं मुकेश पंड्या आदि का रहा। यह जानकारी शुभम् शर्मा ने दी।

# गंदगी न करने के साथ कचरा उचित स्थान पर डालने की दी समझाइश




उज्जैन। स्वच्छता पखवाड़े तथा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल की परियोजना महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल अंतर्गत संस्था सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्ड द्वारा गऊघाट पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

जिसमें संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा सहभागिता दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को वहां गंदगी न करने तथा कचरा उचित स्थान पर डालने हेतु समझाइश भी दी गई।

# सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल ने की स्वच्छता साईकिल राइड



उज्जैन। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत रविवार सुबह सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल ने स्वच्छता राइड का आयोजन किया। टॉवर से महानंदानगर तक साइकिल राइड की। उसके बाद वहां बने साइकिल ट्रैक की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान भी चलाया।

सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के सदस्य तुषार पिल्लैवार ने बताया मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान- 2025 के अंतर्गत सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल द्वारा रविवार 7 बजे टॉवर चैक से 'स्वच्छता राइड' का आयोजन कर देवास रोड स्थित महानंदानगर में बने साइकिल ट्रैक तक स्वच्छता संदेश देते हुए साइकिल रैली निकाली। रैली में शामिल सोसायटी के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर, सचिव विवेक मेश्राम, दीपक गोराना, सुभाष जोशी, खेल शिक्षक अनिल निकम, प्रवीण गौतम, शाहीद खान, लायंस क्लब से रमेश झा सहित अन्य साइकिल प्रेमियों, पर्यावरण प्रेमियों और स्वच्छता के प्रति जागरूक लोगों ने साइकिल ट्रैक की साफ-सफाई की और स्वच्छता के अभियान को आगे बढ़ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पर्यावरण संरक्षण एवं साइकिल के प्रति जागरुकता का संदेश भी दिया।

# त्रिवेणी हिल्स सामाजिक विकास समिति ने स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली



उज्जैन। वार्ड नंबर 48 इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी हिल्स कॉलोनी में पार्षद अंशु गोपाल अग्रवाल के नेतृत्व में त्रिवेणी हिल्स सामाजिक विकास समिति द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया और जागरूकता रैली निकाली गई।

जिसमें बड़ी संख्या में वार्ड के रेवासियों ने हिस्सा लिया।समिति के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के प्रधानमंत्री के निर्देश अनुसार एवं मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया और जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# श्री पद्मावती महिला मंडल की शाश्वत तीर्थ अयोध्या यात्रा प्रारंभ

## नौ दिवसीय यात्रा में करेंगे अयोध्या, वाराणसी आदि तीर्थंकरो की जन्मस्थली के दर्शन




उज्जैन। श्री पद्मावती महिला मंडल के तत्वावधान में 29 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक नौ दिवसीय अयोध्या, वाराणसी आदि तीर्थंकरो की जन्मस्थली की यात्रा आयोजित की जा रही है।

संघपति भरत नीलम पांड्या के तत्वाधान में एवं श्रीपाल अंजू गंगवाल के मार्गदर्शन में आयोजित यात्रा के संयोजक आशीष निधि बाकलीवाल और सुदर्शन श्रुति बड़जात्या हैं। मंडल सचिव मेघा निलेश सेठी और कोषाध्यक्ष श्वेता आशीष लुहाड़िया ने बताया कि यात्रा मे संयोजकगण संजय विनीता पहाड़िया, देवेंद्र विभा गोधा, शम्भू बबिता चाँदवाद, अजय सरिता पहाड़िया, दिलीप कल्पना सोगानी, और महेंद्र मंजुला कोटड़िया, पवन रंजना पाटोदी, अर्चना बड़जात्या, रानी पहाड़िया आदि सहित 80 यात्री शामिल हुए। यात्रा पर जाने के पूर्व भरत पांड्या ने धार्मिक यात्रा निर्विघ्न संपन्न होने के लिये श्री जी का आशीर्वाद के लिये श्री फल अर्पण किया। आदिनाथ मंदिर के ट्रस्टी पूनमचंद लुहाड़िया, प्रदीप सुषमा बदनोरे, अशोक मंगला जैन, सुरेश गुणमाला गंगवाल, कमल सेठी आदि एवं पद्मावती महिला मंडल की सदस्यों ने एकत्रित हो सभी यात्रियों को मंगल कामनाएं दीं।

# मध्यप्रदेश की अंडर-19 टीम के लिये उज्जैन के कुशाग्र नागर का चयन



उज्जैन। एमपीसीए की अंडर-19 टीम प्रैक्टिस मैच के लिए मध्य प्रदेश टीम का चयन किया है, यह प्रैक्टिस मैच 30 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2025 तक जयपुर (राजस्थान) में आयोजित होने जा रहे है। उज्जैन संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र काबरा ने बताया कि मध्यप्रदेश की सीनियर साइड टूर टीम में उज्जैन के कुशाग्र नागर (विकेट कीपर एवं बल्लेबाज) एवं देवास के आयाम सरदाना (राइटआर्म लेग स्पिनर) को भी चुना गया है। ये उज्जैन संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है। कुशाग्र नागर के कोच डॉ. राकेश चावरे ने बताया कि महज 15 साल 5 महीने की उम्र में कुशाग्र नागर का मधप्रदेश की अंडर-19 टिम साइड टूर के लिये चयनित होना बहुत अच्छी बात है, पिछले दिनों कुशाग्र नागर मध्यप्रदेश की सीनियर टिम के सदस्य भी रह चुके है निश्चित रूप से सीनियर टिम के खिलाड़ियों के साथ खेलकर कुशाग्र का आत्मविश्वास बढ़ा होगा जिसका फायदा अब उन्हें अंडर -19 टिम के साइड टूर पर मिलेगा।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com